आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश कोई नया मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसले अदालत से कई बार आते रहते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ये मामला सरकार पर देनदारियों को लेकर है और सरकार इस मामले में सुप्रीमकोर्ट जा सकती है या फिर इसे बातचीत से सुलझाने के लिए कानूनी राय ले सकती है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को हर मामले में राजनीति न करने की नसीहत दी और कहा कि इससे पहले जंगी थोपन पावर प्रौजेक्ट को लेकर भी इसी तरह का फैसला आ चुका है। उन्होंने कहा कि ये मामले नए नहीं है बल्कि पिछले सरकारों के है इसलिए नेता प्रतिपक्ष को ऐसे मामलों में राजनीति के अवसर नहीं तलाशने चाहिए। उन्होंने जयराम ठाकुर को केंद्र से हिमाचल के हक दिलाने के लिए सहयोग करने की भी अपील की।

## इंदिरा गांधी

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को आज उनकी जयंती पर प्रदेश भर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य समारोह शिमला के रिज मैदान पर हुआ जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को विकास का मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भूमि सुधार और बैंको का राष्ट्रीयकरण इंदिरा गांधी की दूरदर्शी नितियों का प्रमाण है जिससे आम आदमी लाभान्वित हुआ है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भी इस मौके पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

बिक्रम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल विफलताओं भरा रहा है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अब मुख्यमंत्री सरकार के सत्ता में दो साल पूरे होने पर अपनी विफलताओं का भी जश्न मनाने जा रहे हैं। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कभी शौचालय कर तो कभी समोसा प्रकरण की जांच करवा कर देश भर में हिमाचल की छवि को खराब किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया।

मक्की

प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी की प्रदेश में प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की की खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि इस कार्य के लिए 24 खरीद केंद्र बनाए गए है और किसानों से 30 रूपए प्रति किलो के हिसाब से मक्की खरीदी जा रही है। हेमिस नेगी ने कहा है कि हिमाचल सरकार ने प्राकृतिक खेती से पैदा की गई मक्की और गेहूं के लिए पूरे देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले सीजन में योजना के तहत गेहूं की खरीद 40 रूपए प्रति किलो के हिसाब से की जाएगी।

विकास कार्य

सोलन नगर निगम में काम कर रहे ठेकेदारों ने निगम के तहत होने वाले सभी विकास कार्यों को अनिश्तिकाल के लिए बंद कर दिया है। नगर निगम सोलन ठेकेदार युनियन के महासचिव कुलभूषण पंत ने कहा कि यूनियन ने ये फैसला निगम द्वारा ठेकेदारों के पैसे का भुगतान नहीं करने के चलते लिया है। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम सोलन ने बीते 6 महीनों से ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों का एक भी पैसा जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारी हर बार पैसा

न होने की बात का हवाला दे रहे हैं। ऐसे में अब ठेकेदार बिना पैसे के काम करने में असमर्थ हो गए हैं।

रेडियोलॉजिस्ट

आकांक्षी जिला चंबा में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावित हो रही हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूरे जिले में केवल पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज चंबा में ही एक रेडियोलॉजिस्ट कार्यरत हैं। चंबा के भरमौर, चुवाड़ी और तीसा में रेडियोलॉजिस्ट के पद खाली है जिससे वहां की अल्ट्रासाउंड मशीनें बंद पड़ी हैं। पूरे जिला से रोगियों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए मेडिकल कालेज चंबा आना पडत़ा है जिससे उन्हें आर्थिक सहित मानसिक परेशानी से भी जूझना पड़ रहा है।

मौसम–यातायात

प्रदेश के अधिकतर इलाकों में शुष्क ठंड का दौर जारी है और जनजातीय इलाकों में तापमान में गिरावट के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर सुबह शाम धुंध का प्रकोप भी बना हुआ है। लाहौल–स्पिति जिले के उपरी इलाकों में अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण लाहौल से स्पीति को जोड़ने वाला कुंजुम दर्रा पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि कोकसर से लोसर मार्ग पर केवल सुरक्षा व आपातकलीन फोर वाई फोर वाहनों को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आवाजाही की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह दारचा–सरचू और दारचा–शिंकुला सड़क मार्गों पर भी केवल सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक ही सभी के लिए आवाजाही की अनुमति होगी।

---